## डी.पी.एस. में मनाया समानता दिवस

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** डूण्डलोद पब्लिक स्कूल डूण्डलोद में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष में समानता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय सचिव बी. एल. रणवाँ एवं प्राचार्य जी. प्रकाश ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य जी. प्रकाश ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और सफलता का ऐसा अद्भुत उदाहरण है जो शायद ही कहीं ओर देखने को मिले। भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था की स्थापना में बाबा साहेब की सक्रिय भागीदारी के बिना पुरातनपंथी विचारधाराओं से हटकर देश को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाना व्यावहारिक रूप से असंभव था। विद्यालय सचिव बी. एल. रणवाँ ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि भारतीय इतिहास में डॉ. भीमराव अम्बेडकर एक न्यायविद्, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। जिन्होंने दलितों, महिलाओं व श्रमिकों के साथ हो रहे सामाजिक भेदभाव, शोषण के विरूद्ध आवाज उठाते हुए, एक ऐसे संविधान निर्माता बनें जिससे महिलाओं, श्रमिकों व दलितो को न्याय मिल सका। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य धनंजय लाल, प्रभारी रेखा स्वामी, सुमनलता, मनजीत कौर व समस्त डी. पी. एस. परिवार उपस्थित था।

# जोहारमल जालान की पुण्यतिथि मनाई



**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** श्री नवलगढ़ विद्यालय कमेटी के संस्थापक स्व. सेठ जोहारमल जालान की 68वीं पुण्यतिथि पर एस.एन बी.एड कॉलेज परिसर में उनकी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा हुई।

एस.एन विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी रामरत्न, अलायंस क्लब के पूर्व अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दयाशंकर जांगिड, नगरपालिका उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया, संस्था के प्रशासनिक अधिकारी सुनील सैनी, महिला कॉलेज की प्राचार्या डॉ वंदना शर्मा, उप प्राचार्य जस्सा सिंह, बी.एड कॉलेज की उप प्राचार्य डॉ संतोष पिलानिया, एस एन स्कूल की उप प्राचार्य सुलोचना सैनी, पीआरओ बजरंगलाल कुमावत सहित स्टाफ के सदस्य तथा अलायंस क्लब के सह प्रांतपाल रामावतार सबलानिया, पूर्व प्रांतपाल मेजर डीपी शर्मा, मुरली मनोहर चोबदार, जगदीश प्रसाद जांगिड, जनार्दन घोडेला, सुहित पाडिया, पंकज शाह, दिनेश चंदेल, ओमप्रकाश सैनी, रविन्द्र पारीक आदि उपस्थित रहे। नवीन शर्मा ने स्वर्गीय जालान के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जालान दूरदर्शी थे।

लगभग 117 साल पूर्व उन्होंने शिक्षा का महत्व समझा और यह संस्था नवलगढ़ में नारी शिक्षा के लिए अपना योगदान कर रही है। डॉ दयाशंकर जांगिड ने कहा कि शिक्षा के लिए समर्पित स्वर्गीय जालान व उनका परिवार नवलगढ़ में शिक्षा क्षेत्र में अग्रिम स्थान रखता है। यहां पर महान शिक्षक हुए है। उनके द्वारा पढ़ाए हुए लोग देश में शीर्ष पदों पर स्थापित हुये है। बनवारी लाल पुरोहित जो महाराष्ट्र से सांसद बने और कई राज्यों के राज्यपाल मनोनीत किये गये। यहां से शिक्षा प्राप्त कर कैरू निवासी इंजीनियर राजेन्द्र कुमार ने टेलीफोन मे रिसर्च कर अमेरिका में अग्रिम उद्योगपतियों में जाने जाते है। डॉ शिव गौतम मनोरोग चिकित्सक, डॉ अनिल सांगानेरिया कैंसर रोग विशेषज्ञ आदि ने यहां शिक्षा पाई। समाजसेवी कैलाश चोटिया ने जालान परिवार को नवलगढ़ में शिक्षा में सहयोग के लिए साधुवाद दिया। ज्ञात रहे स्वर्गीय जालान ने कलकता में जाकर अपना व्यवसाय किया और प्रवासी लोगो से मिलकर एस एन विद्यालय कमेटी की स्थापना की, जो संस्कृत स्कूल से प्राइमरी स्कूल, एस एन हाई स्कूल, एस एन महिला कॉलेज व पीजी कॉलेज, एस एन महिला बी.एड कॉलेज तथा इंगलिश स्कूल का संचालन कर रहे है। इसमें सबसे बड़ा योगदान स्व. जोहारमल शुभकरण, नंदकिशोर जालान व वर्तमान में बनवारीलाल ओमप्रकाश पवन जालान व उनके परिवार का रहा है। इस संस्था के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय मदनलाल पाटोदिया व स्व. सुरेन्द्र कुमार बिड़ला भी रह चुके है। संस्था शिक्षा के साथ संस्कार व सामाजिक सरोकारो मे भी अग्रणी रहती है।



## रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियां जोर शोर से जारी

◆ डेरावाली ढाणी में हुई बैठक

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** रामनवमी पर शहर में निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर वार्ड 4 की मीटिंग डेरावाली ढाणी नवलगढ़ में हुई। विशाल पंडित ने बताया रामनवमी समिति के सह संयोजक महेश मिश्र, प्रो गिरधारी लाल, पूर्व शिक्षा अधिकारी बंशीधर सैनी, कमल किशोर पंवार अतिथि थे। महेश मिश्र ने अब तक की तैयारियों और मीटिंग के बारे में बताया। बंशीधर सैनी ने सनातन धर्म और संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए बच्चो को धर्म ग्रंथो का अध्यन करवाने की बात कही। प्रो गिरधारी लाल ने भगवान राम के जीवन चरित्र पर व्याख्यान दिया। कमल किशोर पंवार ने महिलाओं को भगवा रंग की साड़ी और साफा पहनकर शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। मीटिंग की शुरूआत हनुमान चालीसा पाठ से हुई। लखन बेडवाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर पंकज सैनी, प्रकाश सैन, मुकेश शर्मा, दीपक चौहान, प्रदीप गोदीवाल, रवि सैनी, चिरंजीलाल आदि मौजूद थे।

# ‘मोदी सरकार ने 10 वर्षों में किसान व नौजवान के साथ किया धोखा’






◆ **पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कोटपूतली में विशाल जनसभा को किया सम्बोधित**

**कोटपूतली।** एआईसीसी महासचिव व पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने सोमवार शाम जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर ग्राम मोलाहेड़ा में जयपुर ग्रामीण लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा के समर्थन में आयोजित विशाल जन आशीर्वाद रैली एवं जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान जनसभा में पायलट को सुनने के लिये हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं व क्षेत्रवासियों का हुजुम उमड़ पड़ा। सभा को सम्बोधित करते हुये पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जयपुर ग्रामीण से एक युवा प्रत्याशी को मौका दिया है जो आपके आशीर्वाद से संसद में पहुंचा तो गरीब, किसान, मजदूर व नौजवान की आवाज को बुलंद करेगा। अपने सम्बोधन में पायलट ने केन्द्र की मोदी सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षो के शासन में पीएम मोदी ने केवल किसान व नौजवान के साथ ही नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गो के साथ धोखा किया है। वो चाहे महिला हितों की बात हो या फिर केन्द्रिय एजेंसियों के जरिये नेताओं को घेरना हो। नोटबंदी व जीएसटी जैसे उदाहरण आप सबके सामने है। पिछली बार जनता ने 300 सीट का आशीर्वाद दिया था तो क्या हुआ यह सब पुरे देश ने देखा। अगर गलती से इस बार पुनः सत्ता में आये तो क्या करेगें इसका अन्दाजा भी लगाना मुश्किल है। करीब 8 मिनट के सम्बोधन में पायलट ने कहा कि कोटपूतली की सभा यहाँ हुई पीएम मोदी की सभा से इक्कीस है। निश्चित तौर पर कांग्रेस पार्टी यहाँ से जीत कर जायेगी। आज देश के लोग बदलाव चाहते है। केन्द्र सरकार ने काला धन, महिला हित व रोजगार पर बातें कुछ की लेकिन काम कुछ किये। संविधान को ताक पर रखकर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया है। वहीं सभाओं को सम्बोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि कांग्रेस का वर्कर डरने वाला नहीं है। भारतीय जनता पार्टी विपक्षी दलों को डराकर चुनाव जीतना चाहती है लेकिन कांग्रेस का वर्कर किसी किमत पर नहीं डरेगा। राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि देश के लिये ओलम्पिक का मैडल जीतने वाली बेटियों को अपने हितों के लिये धरने पर बैठना पड़ा इससे बड़ी शर्म की बात नहीं हो सकती। हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी जाति वर्ग के लोगों के साथ धोखा किया है। जिसका सबक जनता इन्हें इस चुनाव में सिखायेगी। कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा ने कहा कि उन्होंने छात्र हितों के लिये विश्वविधालय में लड़ाई लड़ी है। अगर जनता का आशीर्वाद मिला तो लोकसभा में किसानों व नौजवानों की आवाज बुलंद करेगें। इसके लिये एक-एक कार्यकर्ता को मेहनत करनी पड़ेगी। जनसभा को पूर्व मंत्री शकुन्तला रावत, फुलेरा विधायक विधाधर चौधरी, शाहपुरा विधायक मनीष यादव, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी, पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक गोपाल मीणा, हरियाणा के विधायक राव दान सिंह, अभिषेक चौधरी झोटवाड़ा, एनएसयुआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनियां, पूर्व विधायक महिपाल यादव बानसूर, इमरान खान, डॉ. आर सी यादव, प्रवीण व्यास शाहपुरा समेत बड़ी संख्या में वक्ताओं ने सम्बोधित किया। मुख्य अतिथि पायलट का कांग्रेस प्रत्याशी चौपड़ा ने 101 मीटर लम्बा साफा बांधकर स्वागत किया। जनसभा के दौरान कार्यकताओं व समर्थकों में अपार जोश व उत्साह देखने को मिला। इस दौरान पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा को लेकर दिया गया संदेश भी विडियो के माध्यम से दिखाया गया। संचालन हरिराम किवाड़ा ने किया। इस दौरान कांग्रेस नेता रामनिवास यादव व देव कसाना, पूर्व चैयरमैन प्रकाश चंद सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सांवत गुर्जर, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रदीप गुर्जर व नरेन्द्र प्रताप गुर्जर, कांग्रेस सेवा दल जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, एड. मनोज चौधरी, पूर्व चैयरमैन शंकर लाल सैनी, रामसिंह सिनेटर, किसान कांग्रेस नेता बाबूलाल कसाना, जिला पार्षद मन्जू रावत, जगमाल यादव, जगदीश मीणा, केएम बंसल, मालीराम कम्पाउन्डर, इंजी. दिनेश मीणा, हनुमान सैनी नेताजी, जयराम सैनी, भौरेलाल बागड़ी, रमेश चंद गुप्ता, डॉ. अभिलाष मीणा, कमल मीणा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

**पूर्व मंत्री यादव पर साधा निशाना :-** जनसभा में प्रदेश प्रभारी रंधावा ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गये पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यादव ने कांग्रेस पार्टी को धोखा दिया है। हम तो यह सहन कर लेगें। कांग्रेस ने उन्हें मंत्री बनाया था लेकिन भाजपा में जाना उनके लिये आत्महत्या करने के समान होगा।

### पूर्व मंत्री को करना पड़ा हुटिंग का सामना

जनसभा के दौरान पूर्व मंत्री शकुन्तला रावत जैसे ही भाषण देने के लिये खड़ी हुई तो उन्हें लोगों की हुटिंग का सामना करना पड़ा। हालांकि मंच से उन्हें चुप करवा दिया गया। रावत ने कहा कि भाजपा सरकार ने केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का कार्य किया है।

### पूर्व संसदीय सचिव कसाना ने ली कांग्रेस की सदस्यता

जनसभा के दौरान पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना समर्थकों के हुजुम के साथ सभा स्थल पर पहुंचे। जहां उन्हें पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। कसाना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेगें। इस दौरान आरएलपी से प्रत्याशी रहे सतीश मांडैया ने भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## उपाधीक्षक महेंद्र कुमार ने मतदान केंद्रो की सुरक्षा व्यवस्था जांची



**मालपुरा (सीमा सन्देश सं)।** लोकसभा 2024 आम चुनाव के तहत मालपुरा पुलिस उपाधीक्षक महेंद्र कुमार ने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वार्ड नंबर 5 पर स्थित बूथ संख्या 154, 154ए व 155 का उपाधीक्षक महेंद्र कुमार व थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने तीनो मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा की व्यवस्था का जायजा लिया। बूथ लेवल अधिकारी मसूद अख्तर नकवी ने बूथ की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।




## मुकुंदगढ़ सीएचसी में मेडिकल लेब टेक्नीशियन दिवस मनाया

**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मेडिकल लेब टेक्नीशियन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मायक्रोस्कोप के आविष्कारक डच वैज्ञानिक जकारियस जैनसन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने आधुनिक चिकित्सा पदति में रोग निदान की महत्ता एवं लैब जांचो की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ जितेन्द्र सैनी ने की।इस मौके पर डॉ वरूण वर्मा,डॉ प्रियंका चौधरी,डॉ महावीर प्रसाद,डॉ बनवारीलाल बाकोलिया, लेब प्रभारी राजेंद्र जांगिड़,डीईओ बबलू शर्मा सहित अस्पताल स्टाफकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विमलेश सेवदा ने किया।



## चूड़ी चतरपुरा में मतदाता जागरुकता रैली निकाली

**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** चूड़ी चतरपुरा ग्राम पंचायत पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई।गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए निकाली गई रैली के दौरान तख्तियों,स्लोगन आदि के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत सहायक सुनील कुलहरि, आधार सुपरवाईजर भावना कुमावत, इमित्र संचालक मनोज कुमावत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कविता, मुन्नी देवी, कुसुम, गुंजन कंवर,शबनम, साजिदा, समीम,अफरीन, शहनाज, सानिया, साजिदा आदि मौजूद रहे।

## सेवा ही परम धर्म है : महंत रामलखन दास महाराज

**कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)।** कस्बा स्थित अवध बिहारी श्रीराम मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के 6वें दिन सोमवार को कथा में भगवान कृष्ण के कई चरित्रों का वर्णन, इन्द्र का क्रोध, गिरिराज धारण लीला, मथुरा गमन, कंस वध आदि पर विस्तार से कथा सुनाई गई। कथा व्यास महंत रामलखन दास महाराज के बताया कि गाय, ब्राह्मण, साधु संतों का विरोध करने वाला ज्यादा दिन तक कुशल नहीं रह सकता। इसलिए हम सभी को गाय, ब्राह्मण, साधु संतों की सेवा करनी चाहिये, सेवा ही परम धर्म है।

कथा के दौरान श्री कृष्ण-रुकमणी विवाह की झांकी सजाई गई। अंत में आरती उतारकर प्रसादी वितरित की गई। इस मौके पर अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मुकुंदगढ़ मंडी में आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली

**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** कस्बे के मंडी इलाके में मंगलवार को विद्युत लाईनों को रखरखाव कार्य किए जाने के चलते तीन घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। डिस्काम जेईएन पंकज कुमार ने बताया कि मुकुंदगढ़ मंडी फीडर में सुबह 7 बजे से 10 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

# नृसिंह भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आयोजित

◆ **विशाल भंडारे का आयोजन**



**कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)।** ग्राम खड़ब की पहाड़ी पर स्थित किले के अंदर सोमवार को नृसिंह भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। आचार्य चिरंजीलाल शर्मा, गोविन्द शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान नृसिंह की मूर्ति प्रतिष्ठा कर हवन की वेद मंत्रों के बीच पूणार्हूति करवाई। शंकर दास महाराज के द्वारा संजय शर्मा को मन्दिर का पुजारी नियुक्त किया गया। इस मौके पर आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान शंकरदास महाराज रघुनाथगढ, प्रदीप सिंह शेखावत, मांगू सिंह, दलीप सिह, राज सिंह, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, बहादुरमल जाट, जगदीश चेलरवाल, बलबीर खटाणा, रमेश डीलर, रघुवीर मीणा, जगदीश मीणा, मातादीन मीणा, बेगराज मीणा, सुरेश शर्मा, अनिल बड़गुर्जर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने बूथों पर चुनाव प्रचार किया



**मालपुरा (सीमा सन्देश सं)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल मालपुरा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ नंबर 157, 158, 159 पर प्रचार किया।

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल मालपुरा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने जैन मोहल्ला एवं पुरानी तहसील मे प्रत्याशी सुखबीर सिंह जोनापुरिया के लिए ज्यादा से ज्यादा मत और समर्थन की अपील कर घर-घर दस्तक दी। चुनाव प्रचार में प्रदेश सहसंयोजक उद्योग प्रकोष्ठ नरेंद्र कुमार जैन नीटू, मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चंद जैन, महामंत्री रमाकांत पटेल, नोरत बिलवाल, उपाध्यक्ष विनय जैन, पार्षद व जिलाआयोजना समिति सदस्य डॉ अंकित जैन, मोर्चा प्रभारी कन्हैया शर्मा, पार्षद मणिशंकर सैनी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अजय सैनी, किसान मोर्चा अध्यक्ष बादल सिंह अजमेरा, महिला मोर्चा प्रभारी एडवोकेट शशी जैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन आगीवाल, महामंत्री आशा विजय मौजूद रहे।

## एक दिवसीय वेदांत सम्मेलन आज

**मालपुरा (सीमा सन्देश सं)।** ब्रह्मलीन ब्रह्मनिष्ठ त्यागमूर्ति श्री श्री 1008 श्री स्वामी दुगार्राम जी महाराज निरंजनी का 38वें निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष में एक दिवसीय वेदांत सम्मेलन ( सत्संग महा ज्ञान यज्ञ ) आज 16 अप्रेल को मालपुरा में आयोजित होगा। निरंकारी आश्रम मालपुरा के परम पूज्य 108 श्री स्वामी ब्रह्मप्रकाश जी महाराज ने बताया कि 16 अप्रैल को प्रातः 10 बजे कार्यक्रम प्रारंभ होगा। शाम 4 बजे निरंकारी आश्रम मालपुरा से शोभा यात्रा रवाना होकर विजयवर्गीय सेवा पहुंचेगी जहां वेदांत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। निर्माण महोत्सव में श्री श्री 108 स्वामी भास्कर गिरी जी महाराज गुजरात, श्री श्री 108 स्वामी सोस्हम चैतन्यपुरी महाराज काशी, श्री श्री 108 वेदांत केसरी स्वामी परमहंस जी महाराज नीमच, श्री श्री 108 स्वामी ओमानंद जी महाराज पुष्कर, साध्वी विज्ञानानंदपुरी वेदान्ताचार्य हरिद्वार सहित श्री श्री 108 स्वामी ब्रह्म प्रकाश जी महाराज निरंजनी मालपुरा का सानिध्य प्राप्त होगा।

# राधा चौधरी ने धार्मिक कार्यक्रमों में की शिरकत



**मालपुरा (सीमा सन्देश सं)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी कि धर्मपत्नी राधा देवी चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की। जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी कि धर्मपत्नी राधा चौधरी ने टोडारायसिंह शहर के वार्ड नंबर 3 मालियों के मोहल्ले में स्थित महादेव मंदिर में शिव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत की। जहां नागरिकों ने जलदाय मंत्री की धर्मपत्नी राधा देवी चौधरी का स्वागत किया। इस दौरान राधा देवी चौधरी ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर विधानसभा क्षेत्र एवं प्रदेश की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की।

वही जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी धर्मपत्नी राधा देवी चौधरी ने टोडारायसिंह शहर के कल्याण चौक में स्थित श्री रामचंद्र मंदिर से राम महायज्ञ की कलश यात्रा में अतिथि के रूप में शिरकत की। जहां राधा देवी चौधरी ने महिलाओं में बालिकाओं के साथ अपने सिर पर कलश धारण कर धर्म लाभ लिया तथा भगवान श्री राम से खुशहाली की कामना की।

**राहत प्रदान करने की मांग** वत्तीय वर्ष 2024-25 लागू होकर 15 दिवस बीत जाने के बावजूद आज तक स्टाम्प वैण्डरों को बिक्री रजिस्टर जारी नहीं किया

# स्टांप विक्रेताओं ने उपखंड अधिकारी व तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**मालपुरा (सीमा सन्देश ं)।** एप के माध्यम से स्टाम्प विक्रय करने की बाध्यता समाप्त कर स्टाम्प विक्रेताओं को राहत प्रदान करने की मांग कर सोमवार को स्टाएप विक्रेता संघ ने मालपुरा उपखंड अधिकारी व तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। स्टांप विक्रेता संघ के अध्यक्ष कैलाश विजय, राकेश पारीक, मधुसूदन शर्मा, संजय शर्मा, रमेश सहित अन्य स्टाम्प विक्रेताओं ने ज्ञापन में बताया की लम्बे समय से प्रदेश में सभी स्थानों पर वरिष्ठ नागरिक, युवा व्यक्ति स्टाम्प वेण्डर का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा निजी कम्पनी/संस्था से अनुबंध किए जाने के पश्चात से सरकार की ओर से लगातार स्टाम्प वैण्डरों पर एप के जरिए स्टाम्प बेचने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसका प्रयास पिछले वर्ष भी किया गया था लेकिन स्टाम्प वैण्डरों के विरोध के चलते इसे लागू नहीं किया गया। परंतु प्रदेश में भाजपा सरकार का गठन होने के बाद एक बार फिर से स्टाम्प वैण्डरों पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार नीतियों के तहत किए गए अनुबंध को लागू कर एप के जरिए स्टाम्प बेचने का दबाव बनाया जा रहा है जो न्यायसंगत नहीं है। नवीन वित्तीय वर्ष 2024-25 लागू होकर 15 दिवस बीत जाने के बावजूद आज तक स्टाम्प वैण्डरों को बिक्री रजिस्टर जारी नहीं किया गया है जिससे सभी स्टाम्प विक्रेता हाथ पर हाथ धर कर बैठे है तथा उनके परिवारों पर आर्थिक संकट मंडरा रहा है। आमजन, अभिभाषक सहित स्टाम्प उपयोग में लेने वाले उपभोक्ता स्टाम्प नहीं मिलने से भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। विक्रेताओं ने बताया की पूर्व में भी मुख्यमंत्री, सांसद, जलदाय मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से भी अवगत करवा चुके है। सम्पूर्ण प्रदेश में स्टाम्प विक्रेताओं में विशेष योग्यजन, विकलांग, वरिष्ठ नागरिक, विक्रेता के रूप में शामिल है जो बरसों से स्टाम्प विक्रेता के रूप में कार्य कर अपना व परिवार का आजीविकोपार्जन कर रहे है तथा कम्पयूटर एवं एन्ड्रॉयड मोबाईल का बेहतर उपयोग नहीं कर पाने के कारण एप के जरिए स्टाम्प विक्रय करने में पूरी तरह से असमर्थ है।

जिनको सम्बल प्रदान करते हुए समस्त स्टाम्प विक्रेता एप के जरिए स्टाम्प बिक्री का विरोध कर रहे है। स्टाम्प नहीं मिलने के कारण आमजन सहित सभी अभिभाषकगण त्रस्त है एवं राजकीय एवं राजस्व कार्य बाधित हो रहे तथा राजस्व की प्राप्ति में हानि के साथ-साथ आमजन को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतः स्टाम्प विक्रेताओं एवं आमजन की उक्त वर्णित समस्या के प्रति सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए अतिशीघ्र पूर्ववत व्यवस्था के तहत बिक्री रजिस्टर जारी करे। जिससे स्टाम्प विक्रेताओं की रोजी-रोटी बहाल हो सके।


IndiaShelter
Apna Ghar, Apni Shaan

इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉपोरेशन लिमिटेड पंजीकृत कार्यालयः छठा तल, प्लॉट नंबर 15, सेक्टर-44, गुरुग्राम - 122002, हरियाणा

सार्वजनिक नोटिस

एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉपोरेशन लिमिटेड ('आईएसएफसीएल') की बांसवाड़ा शाखा यहां 'प्लॉट नंबर 61, भूतल, न्यू हाउसिंग बोर्ड रोड, महराना प्रताप सर्कल, शिव कॉलोनी (स्यामपुरा), बांसवाड़ा राजस्थान - 327001" है जो 17-07-2024 से बंद किया जा रहा है और इसके बाद हम बेहतर स्थान और अधिक ग्राहक संपर्क प्राप्त करने के लिए बांसवाड़ा में अपनी अन्य शाखा के साथ काम करेंगे।

हालाँकि, हम आपको आश्वस्त करते हैं कि इससे आपके खाते की सेवा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और ऋण खाते से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिए, आप हमारे टोल-फ्री नंबर 1800-572-8888 पर संपर्क कर सकते हैं।

चूंकि, हमने **श्री अक्षय खंडेलवाल** को स्थानीय सेवा प्रदाता के रूप में नामित किया है। उनसे इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉपोरेशन लिमिटेड, शाखा - बांसवाड़ा, संपर्क नंबर - 8829831660 पर संपर्क किया जा सकता है। हम आश्वस्त करते हैं कि आपको हर समय सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

किसी भी पूछताछ के लिए, कृपया ऊपर दिए गए संपर्क नंबर पर हमारी आईएसएफसीएल शाखा से बेझिझक संपर्क करें।

कृते आईएसएफसीएल

दिनांकः 16-04-2024



**शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड,**

पंजीकृत कार्यालयः 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली - 110025

सीआईएनः U65900DL2020PLC366027

**नीलामी सूचना**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित ऋणधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक से उनके द्वारा लिए गए गोल्ड लोन को बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद समायोजित नहीं किया गया है। सभी ऋणधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के गहनों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार **29.04.2024** को दोपहर 03:00 बजे उस शाखा परिसर में नीलामी की तारीख तय की गई है जहां से ऋण लिया गया था। नीलामी के नियमों और शर्तों के अनुसार, ऋणधारकों, खाताधारकों और आमजन सहित सभी लोग इस नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी 29.04.24 को दोपहर 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक ऑनलाइन https://egold.auctiontiger.net पर आयोजित की जाएगी।

| शाखा | खाता संख्या | खाता धारक का नाम | पिता/ जीवनसाथ का नाम | पता | खाता खोलने की तिथि | अदायगी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंन्द्रपुरम | 101942516820 | अनुज भुकेश | मार्फत अनूज भुकेश | 104, देवली अरब, कंवल सिंह भुकेश रॉयल पार्क, रायपुरा रोड, रायपुरा, कोटा, राजस्थान 324001 | 07-11-2023 | 39,198.84 |
| गाजियाबाद | 101542513008 | नवीन पारीक | पुत्र विनोद पारीक | 123, ब्राह्मणों का मोहल्ला, नरसिंह पुरी,नीम का थाना गुहाला, सीकर राजस्थान 332706 | 12-12-2023 | 72,236.14 |
| गाजियाबाद | 101542512829 | मांगी आर वानर | मार्फत राय सिंह | हुणतपुरा हुणत हनुमानगढ़ राजस्थान 335502 | 26-11-2023 | 105933.91 |

**नीलामी तिथि 29.04.2024 @ अपराह्न 03:00 बजे है।**

**बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

**प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**